## एक नजर में

### भरावदा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



**सरदारपुर** . जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर ग्राम विकास समिति ग्राम भरावदा विकासखंड सरदारपुर द्वारा वृक्ष पूजन कार्यक्रम करवाया गया जिसमें समिति अध्यक्ष अर्जुन हाडा द्वारा जल गंगा अभियान कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि हमारे सनातन संस्कृति में पेड़ पौधे को देवी देवताओं के समान पूजनीय माना जाता है हमारे पुराणों गंथ्रो में वृक्षारोपण करना बहुत ही शुभ कार्य माना गया है इसलिए हमें पेड़ पौधे लगाना वह उन्हें बचाना अति आवश्यक है जिसमें अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहे

### रविंद्र पाटीदार भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त



**धार ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा द्वारा धार जिले के लिए रविंद्र पाटीदार (रवि) को भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वर्तमान में रवि पाटीदार भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष है। रविंद्र पाटीदार मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती,विधायक नीना वर्मा,किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोंदिया भाजपा जिला महामंत्री राकेश पटेल देवेंद्र सोनोने सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

### ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में व्यापारियों का ज्ञापन



**कुक्षी ।**ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की मांग को लेकर आगामी 20 मई को देशभर के दवा व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। अखिल भारतीय ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट संगठन के आह्वान पर आयोजित इस राष्ट्रव्यापी बंद में थोक और खुदरा दोनों तरह के दवा विक्रेता शामिल होंगे। आंदोलन के समर्थन में कुक्षी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने एसडीएम के नाम तहसीलदार सुभाष अलावे को एक ज्ञापन भी सौंपा है। ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन के मितेश भावसार और डॉ. कैलाश मुकाती ने बताया कि ऑनलाइन दवा व्यापार न केवल स्थानीय व्यापारियों के रोजगार के लिए खतरा है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा के लिहाज से भी बेहद संवेदनशील और खतरनाक है। वहीं, बाग के दवा व्यापारी नारायण झवर और आशीष शर्मा ने आरोप लगाया कि बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां भारी डिस्काउंट देकर बाजार पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं। इससे फुटकर दवा व्यापारियों के अस्तित्व पर गहरा संकट मंडरा रहा है। दवा व्यापारियों का कहना है कि इस बंद के जरिए वे केंद्र सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने और दवा व्यापार के अवैध तरीकों को बंद करने की मांग करेंगे। इस राष्ट्रव्यापी बंद को लेकर पूरे क्षेत्र के व्यापारियों में एकजुटता देखी जा रही है ।वही एसडीएम कुक्षी के नाम प्रतिनिधि तहसीलदार सुभाष अलावे को ज्ञापन सौंपने के दौरान कुक्षी केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन के डॉ. कैलाश मुकाती, अनिल पारीख, डॉ. राकेश गुप्ता, मितेश भावसार, पवन अग्रवाल, हेमंत भायल और अब्बास बोहरा सहित संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी और व्यापारी उपस्थित थे।

### ग्राम खेड़ा में पंच दिवसीय पंच कुंडीय राम मारुती महायज्ञ एवं श्रीराम कथा महोत्सव शुरू

**बदनावर** ।समीपस्थ ग्राम खेड़ा में रविवार से पाँच दिवसीय श्रीराम मारुति महायज्ञ एवं शनिवार से पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ ।आयोजन स्थल छोटे तालाब के पास परिसर में यज्ञ शाला बनाई गई पाताल विजय हनुमान मंदिर को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। रविवार से श्रीराम मारुति महायज्ञ आरंभ हुआ , जो प्रतिदिन प्रात : आठ से शाम छह बजे तक चलेगा। यजमानों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी जाएंगी। यज्ञाचार्य एवं कथा व्यास पं. राघवेन्द्रकृष्ण जी गोर( राहुल गुरुजी) बखतगड़ वाले के द्वारा श्री राम कथा और पंच कुंडीय राम मारुती महायज्ञ सम्पन्न कराया जाएगा ।मुख्य कुंड पर यजमान दिलीप पाटीदार( भंडारी) ,नंद किशोर राणा विक्रम आइसर एव अन्य चार कुंडों पर 9जोड़े के साथ हवन सम्पन्न हो रहा है ।जिसकी प्रारंभिक रूपरेखा इस प्रकार है संगीतमय श्री राम कथा प्र 16 मई से 20 मई 2026 तक समय शाम 7 .30 से हरि ईच्छा तक रहेगा ।



# धार में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

- 1 लाख की रिश्वत लेते जिला परियोजना समन्वयक रंगे हाथों गिरफ्तार
- 5 प्रतिशत कमीशन के रूप में 17 लाख की मांग

**इंदौर** . लोकायुक्त इंदौर की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा केंद्र धार में पदस्थ जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप कुमार खरे को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया. आरोपी ने शौचालय निर्माण कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के बदले 5 प्रतिशत कमीशन के रूप में 17 लाख रुपए की मांग की थी.

लोकायुक्त की अधिकृत जानकारी के अनुसार, महालक्ष्मी नगर धार निवासी दिलीप साधव, जो जिला शिक्षा केंद्र में प्रभारी सहायक यंत्री के पद पर पदस्थ हैं, ने लोकायुक्त से शिकायत की थी. शिकायत में बताया गया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले में 122 शौचालयों के निर्माण के लिए करीब 3 .42 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिनका सुपरविजन वे कर रहे हैं. निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही आरोपी प्रदीप खरे द्वारा प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के एवज में 5 प्रतिशत राशि की मांग की जा रही थी. कार्रवाई प्रमुख निरीक्षक सचिन पटेरिया ने बताया कि शिकायत का सत्यापन सही पाए जाने के बाद सोमवार 18 मई को लोकायुक्त की ट्रैप टीम का गठन किया. टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पहली किस्त के रूप में 1 लाख रुपए लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया. आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# सरदारपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अवैध बीयर परिवहन करते 3 आरोपी गिरफ्तार, 40 पेटी बोल्ट बीयर एवं पिकअप वाहन जब्त



**सरदारपुर ।** नवागत पुलिस अधीक्षक धार सचिन शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर एवं पारूल बेलापुरकर तथा एसडीओपी सरदारपुर विश्वदीप सिंह परिहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरदारपुर अनिल कुमार जाधव के नेतृत्व में सरदारपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बीयर से भरी पिकअप वाहन को पकड़कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**घटना का विवरण**-उप निरीक्षक नवलसिंह बघेल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन मार्ग से एक सफेद रंग की महेन्द्रा बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक स्क्क-28-त-4944, नीले रंग की तिरपाल से ढकी हुई, अवैध बीयर भरकर सरदारपुर की ओर आ रही है। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कर थाना सरदारपुर के सामने नाकाबंदी की गई।

कुछ समय पश्चात संदिग्ध पिकअप वाहन आते दिखाई दिया, जिसे पुलिस बल एवं पंचानों की सहायता से रोककर चेक किया गया। वाहन चालक एवं उसके साथ बैठे दो व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

### पूछताछ में उन्हौंने अपने नाम

1. भारत पिता लेहरु भाबोर, उम्र 27 वर्ष निवासी ढोलियावड़ थाना राणापुर
2. पंकज पिता जुवान सिंह भाबोर, उम्र 20 वर्ष निवासी ढोलियावड़
3. दिवान पिता शंकर भाबोर, उम्र 19 वर्ष निवासी ढोलियावड़ बताए।

वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बोल्ट कंपनी की बीयर से भरी कुल 40 पेटियां मिलीं। प्रत्येक पेटी में 24 कैन एवं प्रत्येक कैन में 500 एमएल बीयर भरी हुई पाई गई। कुल 480 बल्क लीटर बीयर की कीमत ?1,24,800/- आंकी गई। आरोपियों से बीयर परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से की गई। आरोपियों का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत दण्डनीय पाए जाने पर कुल 480 बल्क लीटर बीयर एवं महेन्द्रा बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक स्क्क-28-त-4944, कुल कीमत लगभग ?9,24,800/- जप्त किया गया। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

### विशेष योगदान

- निरीक्षक अनिल कुमार जाधव
- उप निरीक्षक जगदीशचन्द्र निनामा
- उप निरीक्षक नवलसिंह बघेल
- प्रधान आरक्षक 182 मोहनसिंह गामड़
- प्रधान आरक्षक 473 सरदारसिंह डोडवे
- आरक्षक 561 प्रताप डोडियार
- आरक्षक 443 सुरेश मईड़ा
- आरक्षक 1024 मनोज मुजाल्दे
- सैनिक 133 गोवर्धन मारु

# भोजशाला पक्षकारों व अधिवक्ताओं का भव्य स्वागत

**धार। माँ सरस्वती मंदिर भोजशाला प्रकरण में हिंदू समाज की ऐतिहासिक विजय एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा हिंदू समाज के पक्ष में दिए गए गौरवपूर्ण निर्णय के उपलक्ष्य में हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस के मुख्य याचिकाकर्ता आशीष गोयल, हाईकोर्ट अधिवक्ता विनय जोशी,वर्षा पाराशर,वरिष्ठ समाजसेवी श्री सारंग पाराशर ( बिट्टू महाराज ) एवं संपूर्ण भोजशाला विधिक टीम का बेटमा, घाटाबिललोद,लेबड, गुनावद,पीपलखेड़ा आश्रम तथा धार नगर आगमन पर हिन्दू समाजजन द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।**

इस अवसर पर उच्च न्यायालय इंदौर में भोजशाला प्रकरण में हिन्दू पक्ष की और से पैरवी करने वाले अधिवक्तागण

विनय जोशी, वर्षा पाराशर, राजेश जोशी, वागीश पाराशर, रोहित शुक्ला, उत्कर्ष दुबे, देवेन्द्र नागर, शालिनी जोशी, श्रीमती शिवांगी परमार, सत्यनारायण दुबे, सुश्री प्रियंका शर्मा, भुवनेश गुप्ता, श्री ललित नामदेव, श्री अर्पित सिंह परिहार एवं पूजा वर्मा का भी सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

धार नगर में सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित इस अभिनंदन समारोह में जातिगत समाज, सामाजिक संस्था, धार्मिक संगठन, व्यापारी एसोसिएशन,

समिति और महिलाओं के विभिन्न ग्रुपों ने याचिकाकर्ता और अधिवक्ताओं का स्वागत किया।

भोजशाला प्रकरण में विजय प्राप्त कर सनातन समाज के स्वाभिमान को पुनर्स्थापित करने वाले सभी धर्मयोद्धाओं के प्रति क्षेत्र के नागरिकों द्वारा भव्यता के साथ स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया गया।

त्रिमूर्ति नगर चौराहे धार पर आयोजित मुख्य समारोह में सर्व श्री बाबूलाल नायक, करणसिंह पवार, अनंत अग्रवाल, दिनेश देवड़ा, कन्हैयालाल यादव, बबन अग्रवाल मामा जी, सुरेश गोयल आदि वरिष्ठ गण मंचासीन रहे।

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस द्वारा लगाए गए प्रकरण, उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय और एएसआई द्वारा दिए गए नए आदेश की जानकारी याचिकाकर्ता आशीष गोयल एवं एडवोकेट विनय जोशी और एडवोकेट वर्षा पाराशर द्वारा दी गई। कार्यक्रम के बाद सभी अधिवक्तागण और याचिकाकर्ता ने संघ कार्यालय जाकर अधिकारियों से भेंट करी।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ श्रीकांत द्विवेदी और आभार प्रदर्शन मुरली अग्रवाल ने किया।

# विधायक प्रताप ग्रेवाल ने वन विभाग सरदारपुर में धरना प्रदर्शन किया

- धरने के बाद ग्रामीण नंदराम के प्रकरण में किया निराकरण

**सरदारपुर** । वन परिक्षैत्र सरदारपुर अंतर्गत ग्राम लालसिंगपाडा के नंदराम पिता रायला के वन अपराध प्रकरण का निराकरण विगत 4 माह से नही होने पर ग्रामीण नंदराम द्वारा वन परिक्षैत्र कार्यालय सरदारपुर मे सोमवार को लगभग 11 बजे पहुचकर संबंधित अधिकारियो से चर्चा की, परन्तु प्रकरण के निराकरण का आदेश नही मिलने से असहज होकर आत्महत्या करने का मन बनाकर विधायक प्रताप ग्रेवाल को सुचना पहुचाई जिस पर विधायक प्रताप ग्रेवाल तुरंत अपने समर्थको सहित वन परिक्षैत्र कार्यालय सरदारपुर पहुचे और धरन पर बैठ गए। ग्रामीण नंदराम एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गई। वन परिक्षैत्र सरदारपुर वन परिक्षैत्र अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सौलंकी द्वारा विधायक प्रताप ग्रेवाल से धरना समाप्त करने का आग्रह किया गया परन्तु विधायक ग्रेवाल द्वारा प्रकरण का निराकरण संबंधी आदेश देने के बाद ही धरना समाप्त करने की बात कही गई जिसके बाद वन परिक्षैत्र अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सौलंकी द्वारा सोमवार 18 मई 2026 को ही ग्रामीण नंदराम के प्रकरण का निराकरण संबंधी आदेश जारी करने का आश्वासन पत्र विधायक प्रताप ग्रेवाल को सौंपा गया जिसके बाद विधायक ग्रेवाल द्वारा दोपहर 12 बजे धरना समाप्त किया गया।

# सिंघाना में चोरों का आतंक,ज्वैलर्स की दुकान को बनाया निशाना

**धार.** क्षेत्र में लगातार पैर पसारते कानून-व्यवस्था के संकट और पुलिस प्रशासन की कथित निष्क्रियता को लेकर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सिंघाना कस्बे में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि वे एक के बाद एक चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। इसी कड़ी में बीती रात चोरों ने नगर के एक प्रमुख व्यावसायिक प्रतिष्ठान को निशाना बनाते हुए चोरी की एक और बड़ी घटना को अंजाम दिया है।

बीती रात %श्री शिवाय ज्वैलर्स% में हुई लाखों की चोरी- प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात अज्ञात चोरों ने सिंघाना मनावर मुख्य मार्ग पर स्थित 卐श्री शिवाय ज्वैलर्स卐 आभूषण की दुकान को अपना निशाना बनाया। प्रतिदिन अनुसार ज्वैलर्स व्यापारी लोकेश पाटीदार अजंटीकोट निवासी अपनी दुकान प्रतिदिन अनुसार 7 बंद कर अपने निवास अजंदीकोट चले गए रविवार प्रात: 6ः00 के आसपास उन्हें दुकान के पास रहने वाले से सूचना मिली दुकान से रात्रि में आवाज आ रही है ज्वेलर्स व्यापारी लोकेश पाटीदार ने अपने मोबाइल पर फुटेज कैमरा देखा अपनी ज्वेलर्स दुकान में चोरी हो चुकी थी तत्काल सिंघाना अपने श्री शिवाय ज्वेलर्स पहुंचे जहां लाखों की चोरी हो चुकी थी जिसकी सूचना सिंघाना पुलिस चौकी दी सूचना मिलते ही सिंघाना पुलिस चौकी प्रभारी सुशील यघुवंशी व मनावर थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान भी घटनास्थल सिंघाना पहुंचे, सीसीटीवी फुटेज कैमरा के आधार पर अन्य जांच टीम गठित कर फॉरेंसिक टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों को पकड़ने का प्रयास जारी है....

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी की घटना रात्रि 2ः00 बजे से 4ः30 बजे तक होना पाया गया है चोरों द्वारा मकान के पीछे तीसरी मंजिल से वेंटीलेशन जली को तोड़कर दुकान में प्रवेश किया दुकान में लगे दो दरवाजे चैनल गेट तोड़कर दुकान में प्रवेश किया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन से चार चोर नकाबपोश थे .

# तपती धारा को पियाली के स्वर माधुर्य ने किया शीतल, खूब बजी तालियाँ

- 11 वे पद्मश्री फड़के संगीत समारोह का सुरमयी समापन







**धार** /- स्वर संगीत की ही नहीं प्रकृति की भी पहचान है। संगीत का स्वर माधुर्य राजा भोज की धारानगरी में इतना मुखर हुआ कि भीषण गर्मी की तपन भी शीतलता का अहसास करवाने लगी। कलकत्ता की ख्याल गायिका चटर्जी कलकत्ता द्वारा गाया रागश्री का स्वर राज इतना मुखर हुआ कि बार बार तालियां बजती रही। विलंबित तीन ताल में सांझ भई तुम आओं व शरण तेरी प्रभु जी आई ने स्वर के आरोह अवरोध व सरगम का अनूठा प्रभाव निरूपित हुआ। आदि देव महादेव पशुपति भोलेनाथ व सर्वात्मका सर्वेश्ररा ने ऐसा आध्यात्मिक वातावरण बनाया कि सुधी श्रोता झूमने लगे। कलाकार पियाली जी के गुरु अब्दुल रशीदखान सा बंदिश मेरा रोम रोम हर हर बोले ने पद्मश्री फडके संगीत समारोह को नई ऊंचाइयां प्रदान की। पियाली जी को भोज कला सम्मान से सम्मानित किया गया। तबला संगत अशोक चक्रवर्ती व हारमोनियम संगत धार के दीपक खलतकर ने की। नवोदित प्रस्तुति में युवा गायक उर्मिलेश बैरागी ने राग पट्टदीप में बहुत ही प्रभावी प्रस्तुति प्रदान की। बोल थे एरी मोहे जाने देरी माँ श्याम सुंदर के संगवा व अंतरा व तराना प्रस्तुत किया।

### लोक लाज ना लागहु मौका जाय रही मै उनके घरवा

तबला संगत मयूर गोयल व हारमोनियम संगत दिव्यांशी अहिरवार ने की। संत ने साधा सुर इस संगीत सभा का एक विशेष आकर्षण रहा केरल के अवधूत संत व प भीमसेन जोशी जी शिष्य पूज्य नादा नंद जी ने राग दरबारी कान?ा ने निबद्ध विनती भजन प्रस्तुत किया। खराब स्वास्थ्य के बाद भी उनकी सरगम व तबला तथा हारमोनियम के साथ जुगलबंदी ने वातावरण को श्रद्धा आलोक से प्रदीप्त कर दिया। हारमोनियम संगत गुरमीत सिंह डंग ने की। संचालन समिति संयोजक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने किया। कलाकारों का स्वागत संगीतज्ञ लक्ष्मीकांत जी जोशी, राखी रॉय, डॉ साधना चौहान, अनिल पुजारी, प्रो राजेश पाठक, विभा जैन, जयन्त जोशी, हरिहरदत्त शुक्ल, डॉ प्रदीप रावत ने किया। संचालन समिति ने सभी कलाकारों आयोजन सहयोग के सहयोगियों का आभार व धन्यवाद प्रकट किया। श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान अतुल कालभंवर, राकी मक्क?, गौरव अग्रवाल, वृषाली देशमुख, अर्जुन सिसोदिया को प्रदान किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रतीक पाल ने दी।

## एक नजर में

### जैन संस्कार शिविर का समापन

# वर्धमानपुर में वर्धमान बनेंगे गुरु भगवंतों की शिक्षा से पक्के श्रावक



**बदनावर।** अखिल भारतीय धर्मदास स्थानकवासी श्रावक संघ के द्वारा बदनावर वर्धमान स्थानकवासी श्रावक संघ एवं अणुकृपा नवयुवक मंडल के तत्वाधान में आचार्य भगवंत पूज्य उमेशमुनिजी मा.सा. के सुशिष्य प्रवर्तक पूज्य श्री जिनेंद्रमुनिजी मा.सा की प्रेरणा से छह दिवसीय आवासीय ग्रीष्मकालीन जैन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बालक वर्ग 12 से 22 वर्ष तक के शिविरार्थी सम्मिलित हुए हे। शिविर में बच्चों को जैन धर्म के संस्कारों के छह दिवसीय आवासीय शिविर बालकों के लिए एवं बालिका वर्ग के लिए आयोजन नागदा (धार) में आयोजित किया गया जिसका समापन आज हुआ जिसमें आज शिविर के समापन दिवस पर प्रात: काल नगर में शिविरार्थी बालक बालिकाओं के साथ नगर में आचार्य श्री के जय गुरु उमेश एवं प्रवर्तक श्री जी के जयघोष के साथ प्रभातफेरी निकाली गई प्रभातफेरी स्थानक भवन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः स्थानक भवन पर समापन हुआ । तत्पश्चात् स्थानक भवन में विराजित गुरु भगवन्तों एवं साध्वी जी मा.सा. के द्वारा प्रवचन हुए जिसमें पूज्य महासती श्रद्धा जी मा.सा.ने फरमाया कि शिविर में आने और यहां से लौटने में आपके जीवन में यहां जो छह दिन बिताए जो मोबाइल इत्यादि का त्याग किया इसे जीवन में अमल में लाए पूर्ण त्याग न हो तो कम उपयोग करने की आदत बनाए इस अवसर पर पूज्य गुरु भगवंत तत्वज्ञ श्री धर्मेंद्र मुनि जी मा.सा ने वर्तमान में युद्ध से आए देश के सामने संकट को लेकर धर्म समंत आचरण के लाभ बताए।

उन्होंने फरमाया कि वाहनों की मर्यादा , विदेश भ्रमण की मर्यादा करके न केवल परोक्ष लाभ के साथ हमारे पाप क्रिया के पच्चखान करके पुण्य अर्जन कर सकते है उन्होंने एक प्रेरक प्रसंग का उल्लेख अपने प्रवचन में किया किस प्रकार एक बुरी लत हमे बुराई की और ले जाती इसलिए जब कोई गलती हो जाए तो उसे छुपाए नहीं बल्कि अपने माता पिता को बताए क्योंकि हो सकता हे उस वक्त वो आपको डांट दे किन्तु वो गलती पर आपको सुधारने में आपके सहयोगी होंगे ।